लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2518

दिनांक 21.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

कारीगरों के लिए क्षमता/कौशल विकास कार्यक्रम

†2518. श्री धनुष एम. कुमारः
श्री गजानन कीर्तिकरः
श्री सी.एन. अन्नादुरईः
श्री जी.सेल्वमः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वस्त्र उद्योग के हमारे कारीगर और शिल्पकार किसी तद्रूप कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम के अभाव में वैश्विक बाज़ारों में सुप्रशिक्षित और सुसज्जित कारीगरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या राष्ट्रीय डिजाइन और उत्पाद विकास केंद्र (एनसीडीपीडी) और हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने सम्पूर्ण देश, विशेषकर तमिलनाडु के विभिन्न संकुलों में फैले हुए कारीगरों के लिए क्षमता/कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में आवंटित धनराशि और चयनित लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ङ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राष्ट्रीय डिजाइन और उत्पाद विकास केंद्र (एनसीडीपीडी) द्वारा कारीगरों को लाभान्वित करने वाले कितने कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया गया है; और

(च) सरकार द्वारा देश में वस्त्र क्षेत्र में मानव संसाधन विकास हेतु अन्य क्या प्रमुख पहलें की जा रही है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

क) एवं ख): विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के घटक 'हस्तशिल्प क्षेत्र में कौशल विकास' के तहत हस्तशिल्प क्षेत्र में कारीगरों एवं शिल्पकारों के लाभ के लिए कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय हस्तशिल्प कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु हस्तशिल्प क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना (समर्थ) भी कार्यान्वित कर रहा है। पिछले तीन वर्षों में समर्थ योजना के तहत 13,235 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित किए गए हैं।

ग) एवं घ): विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय देशभर के कारीगरों को हस्तशिल्प क्षेत्र में कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय डिजाइन और उत्पाद विकास केंद्र (एनसीडीपीडी) तथा हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) सहित पात्र कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करके सहायता प्रदान करता है।

ङ) विगत तीन वित्तीय वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय की एनएचडीपी योजना के तहत 1780 कारीगरों को लाभान्वित करते हुए एनसीडीपीडी ने 89 कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए हैं।

च) विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय समर्थ योजना के तहत, एनएसक्यूएफ़ अनुरूप तथा एनएसक्यूएफ़ दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से, हस्तशिल्प कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर, प्रशिक्षुओं को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं। हस्तशिल्प क्षेत्र के 87 पाठ्यक्रमों को हस्तशिल्प क्षेत्र कौशल परिषद (एचसीएसएससी) द्वारा विकसित किया गया है जो एनएसक्यूएफ़ अनुरूप और हस्तशिल्प तथा कालीन क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा अपनाए गए हैं।

*****